संख्या–cm-268
30/06/2022

मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर चिकित्सकों को बधाई एवं शुभकामनाएँ दी

पटना, 30 जून 2022 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर देश एवं राज्य के सभी चिकित्सकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी है।

मुख्यमंत्री ने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि चिकित्सक धरती पर भगवान का रूप होते हैं। वे दिन–रात मरीजों की सेवा में डटे रहते हैं। वे मरीजों का इलाज कर उन्हें नया जीवन प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि वैश्विक महामारी 'कोविड–19' के दौरान चिकित्सकों एवं अन्य चिकित्साकर्मियों ने फ्रंटलाईन वर्कर के रूप में जिस निडरता, तत्परता, कर्त्तव्यनिष्ठा के साथ मरीजों की सेवा की, वह अत्यंत ही प्रशंसनीय है। उन्होंने कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि सभी चिकित्सक इसी निष्ठा एवं लगन के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन आगे भी करते रहेंगे।

******